# मानव विकास रिपोर्ट 2023-24

## प्रिलिम्स के लिये:

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम, मानव विकास रिपोर्ट, सकल घरेलू उत्पाद , सकल राष्ट्रीय आय

## मेन्स के लिये:

मानव विकास रिपोर्ट 2023-24, विभिन्न क्षेत्रों में विकास के लिये सरकारी नीतियाँ और हस्तक्षेप तथा उनके विनिर्माण एवं कार्यान्वयन से उत्पन्न होने वाले मुद्दे।

स्रोत: डाउन टू अर्थ

## चर्चा में क्यों?

**'ब्रेकिंग द ग्रिडलॉक: रीइमेजिनिंग कोऑपरेशन इन ए पोलराइज्ड वर्ल्ड'** शीर्षक वाली मानव विकास रिपोर्ट 2023-24 के अनुसार, भारत वैश्विक मानव विकास सूचकांक में 134वें स्थान पर है जबकि स्विट्ज़रलैंड को पहला स्थान प्राप्त हुआ है।

- यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा जारी की गई है।

## मानव विकास रिपोर्ट:

- **परिचय:**
  - मानव विकास रिपोर्ट (HDR) वर्ष 1990 से जारी की रही है, जिसने मानव विकास दृष्टिकोण के माध्यम से विभिन्न विषयों का पता लगाया है।
  - यह मानव विकास रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा प्रकाशित की **जाती है।**

**मानव विकास सूचकांक:**

- HDI एक समग्र सूचकांक है जो चार संकेतकों को ध्यान में रखते हुए मानव विकास में औसत उपलब्धि को मापता है:
  - **जन्म के समय जीवन प्रत्याशा (सतत् विकास लक्ष्य 3),**
  - स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष (सतत् विकास लक्ष्य 4.3),
  - स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष (सतत् विकास लक्ष्य 4.4),
  - सकल राष्ट्रीय आय-GNI) (सतत् विकास लक्ष्य 8.5)

## रिपोर्ट की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं?

- **प्रदर्शक:**
  - **शीर्ष तीन देश (स्कोर):** स्विट्ज़रलैंड (0.967), नॉर्वे (0.966) और आइसलैंड (0.959)।
  - **अंतिम तीन देश:** सोमालिया (0.380), दक्षिण सूडान (0.381), मध्य अफ्रीकी गणराज्य (0.387)।
  - **बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ:** यूएसए (0.927), यूके (0.889), जापान (0.878), रूस (0.821)।
  - **सूचकांक में रैंक नहीं किये गए देश: डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया** (उत्तर कोरिया) और **मोनाको**।
- **विकास असमानता के अभूतपूर्व स्तर:**
  - विकसित देशों ने अभूतपूर्व विकास का अनुभव किया। लेकिन दुनिया के आधे सबसे अविकसित देश**अपने पूर्व-कोविड-19 संकट के स्तर**

से नीचे बने हुए हैं।**
    - विकसित और अविकसित **देशों के बीच असमानताओं को लगातार कम करने का दो दशकों का रुझान** अब उलट गया है।
  - जबकि HDI के वर्ष 2020 और 2021 में गिरावट के बाद वर्ष 2023 में रिकॉर्ड ऊँचाई पर पहुँचने का अनुमान है,**विकसित तथा अविकसित देशों के बीच विकास के स्तर में काफी अंतर है।**
- **लोकतंत्र का विरोधाभास:**
  - एक उभरता हुआ "लोकतंत्र विरोधाभास" है, जिसमें सर्वेक्षण में शामिल अधिकांश लोग लोकतंत्र के लिये समर्थन व्यक्त करते हैं,**लेकिन ऐसे नेताओं का भी समर्थन करते हैं जो लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कमज़ोर कर सकते हैं।**
  - इस विरोधाभास ने, शक्तिहीनता की भावना और सरकारी निर्णयों पर नियंत्रण की कमी के साथ मिलकर राजनीतिक ध्रुवीकरण तथा अंतर्मुखी नीति दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया है।
- **वैश्विक असमानताएँ और बढ़ता मानव विकास अंतर:**
  - पर्याप्त आर्थिक संकेंद्रण के कारण वैश्विक असमानताएँ और बढ़ गई हैं- वस्तुओं में वैश्विक व्यापार का लगभग 40% तीन या उससे कम देशों में संकेंद्रित है।
  - रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2021 में, विश्व की तीन सबसे बड़ी टेक कंपनियों में से प्रत्येक का बाज़ार पूंजीकरण उस वर्ष 90% से अधिक देशों के सकल घरेलू उत्पाद से अधिक हो गया।
- **भारतीय अवलोकन:**
  - **विभिन्न संकेतकों पर प्रदर्शन:** भारत की **औसत जीवन प्रत्याशा** वर्ष 2022 में 67.7 वर्ष तक पहुँच गई, जो पिछले वर्ष 62.7 वर्ष थी।
    - भारत की प्रति व्यक्ति **सकल राष्ट्रीय आय** बढ़कर 6951 अमेरिकी डॉलर हो गई है, जो 12 महीनों की अवधि में 6.3% की वृद्धि दर्शाती है।
    - **स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्षों में वृद्धि** हुई है, जो प्रति **व्यक्ति 12.6 तक पहुँच** गई है।
  - **HDI स्कोर:** भारत ने **वर्ष 2022 में 0.644 का HDI स्कोर** प्राप्त किया, जो संयुक्त राष्ट्र की **वर्ष 2023-24 रिपोर्ट में 193 देशों में से 134 वें स्थान** पर है।
    - यह भारत को **'मध्यम मानव विकास'** के अंतर्गत वर्गीकृत करता है।
    - वर्ष 1990 में भारत का HDI 0.434 था, जो **वर्ष 2022 का स्कोर HDI 48.4% के सकारात्मक परिवर्तन** को दर्शाता है।
  - **उल्लेखनीय उपलब्धियाँ:** जन्म के समय जीवन प्रत्याशा में 9.1 वर्ष की वृद्धि, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्षों में 4.6 वर्ष की वृद्धि एवं **स्कूली शिक्षा के औसत वर्षों में 3.8 वर्ष की वृद्धि** हुई है।
    - लिंग असमानता को कम करने में भारत की प्रगति ने वैश्विक औसत को पार करते हुए **0.437** के **लिंग असमानता सूचकांक (GII)** को उजागर किया।
      - **GII- 2022 सूची** में जो प्रजनन स्वास्थ्य, सशक्तीकरण एवं श्रम बाज़ार भागीदारी के आधार पर देशों का मूल्यांकन करती है, भारत **वर्ष 2022 में 166 देशों में से 108 वें स्थान** पर था।

- **भारत के पड़ोसी राष्ट्रों का प्रदर्शन:**
  - **श्रीलंका** को **78वें स्थान पर** रखा गया है, जबकि **चीन को 75वें स्थान पर** रखा गया है, दोनों को **उच्च मानव विकास श्रेणी** के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है।
    - भारत का स्थान भूटान, जो 125वें स्थान पर है और बांग्लादेश जो 129वें स्थान पर है, से भी नीचे है। भारत, भूटान और बांग्लादेश सभी मध्यम मानव विकास श्रेणी में हैं।
  - **नेपाल (146) और पाकिस्तान (164) को भारत से नीचे स्थान दिया गया है।**

**Figure S.1** **A permanent shift in the Human Development Index (HDI) trajectory?**




**Note:** The global HDI value for 2023 is a projection. The pre-2019 trend is based on the evolution of the global HDI value in the previous 20 years.
**Source:** Human Development Report Office calculations based on data from Barro and Lee (2018), IMF (2023d), UNDESA (2022, 2023), UNESCO Institute for Statistics (2023), United Nations Statistics Division (2023) and World Bank (2023).

**Figure S.7** **Agency gaps in collective action are higher than those in control over one's own life**




**Note:** Agency is the ability of people to act as agents who can do effective things based on their commitments (Sen 2013). It is proxied by two indicators: the share of the population that reported feeling in control over their lives (measured on a scale of 1–10, where 1–3 indicates an acute agency gap, 4–7 indicates a moderate agency gap and 8–10 indicates no agency gap) and the share of the population that reported feeling that their voice is heard in the political system (those who responded "A great deal" or "A lot"). Data are computed using microdata and equal weights across countries.
**Source:** Human Development Report Office based on data from wave 7 (2017–2022) of the World Values Survey (Inglehart and others 2022).

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

**??????????:**

**Q. UNDP के समर्थन से 'ऑक्सफोर्ड नरि्धनता एवं मानव वकिास नेतृत्व' द्वारा वकिसति 'बहु-आयामी नरि्धनता सूचकांक' में नमि्नलखिति में से**

**कौन-सा/से सम्मिलित है/हैं? (2012)**

1. पारिवारिक स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, संपत्ति तथा सेवाओं से वंचन
2. राष्ट्रीय स्तर पर क्रय-शक्ति समता
3. राष्ट्रीय स्तर पर बजट घाटे की मात्रा और GDP की विकास दर

**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:**

- बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) उन अभावों को दर्शाता है जिनका एक गरीब व्यक्ति शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर के संबंध में एक साथ सामना करता है, जैसा कि निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**

| **MPI के घटक** | | | |
|---|---|---|---|
| **निर्धनता का आयाम** | **सूचक** | **घरों में रहते हुए भी वंचित हैं, जहाँ–** | **भार** |
| स्वास्थ्य | पोषण | 70 वर्ष से कम उम्र का वयस्क या बच्चा कुपोषित है। | 1/6 |
| | बाल मृत्यु दर | सर्वेक्षण से पूर्व पाँच वर्ष की अवधि में परिवार में किसी बच्चे की मृत्यु हुई हो। | 1/6 |
| शिक्षा | स्कूली शिक्षा के वर्ष | 10 वर्ष या उससे अधिक उम्र के घर के किसी भी सदस्य ने छह वर्ष की स्कूली शिक्षा पूरी नहीं की है। | 1/6 |
| | स्कूल में उपस्थिति | कोई भी स्कूली उम्र का बच्चा उस उम्र तक स्कूल नहीं जा रहा है, जिस उम्र में वह 8वीं कक्षा की पढ़ाई पूरी करेगा। | 1/6 |
| जीवन स्तर | भोजन पकाने का ईंधन | घर में भोजन पकाने के लिये गोबर, लकड़ी, कोयले या चारकोल का प्रयोग किया जाता है। | 1/18 |
| | स्वच्छता | घर की स्वच्छता सुविधा में सुधार नहीं हुआ है (SDG दिशानिर्देशों के अनुसार) या इसमें सुधार तो हुआ है लेकिन अन्य घरों के साथ साझा किया गया है। | 1/18 |
| | पेय जल | परिवार के पास बेहतर पेयजल की उपलब्धता (SDG दिशानिर्देशों के अनुसार) नहीं है या सुरक्षित पेयजल घर से कम से कम 30 मिनट की पैदल दूरी पर है। | 1/18 |
| | विद्युत आपूर्ति | घर में विद्युत की आपूर्ति नहीं होती है | 1/18 |
| | आवास | छत, दीवारों और फर्श में से कम से कम एक के लिये आवास सामग्री अपर्याप्त है: फर्श प्राकृतिक सामग्री से बना है और/या छत और/या दीवारें प्राकृतिक या प्राथमिक सामग्री से बनी हैं। | 1/18 |
| | परिसंपत्ति | परिवार के पास इनमें से एक से अधिक संपत्ति नहीं है: रेडियो, टीवी, टेलीफोन, कंप्यूटर, पशु गाड़ी, साइकिल, मोटरसाइकिल या | 1/18 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | रेफ्रिजिरेटर और कार या ट्रक नहीं है। | |

- अतः विकल्प **(a)** सही उत्तर है।

---

## ?????:

**प्रश्न. उच्च संवृद्धि के लगातार अनुभव के बावजूद, भारत के मानव विकास के निम्नतम संकेतक चल रहे हैं। उन मुद्दों का परीक्षण कीजिये, जो संतुलित और समावेशी विकास को पकड़ में आने नहीं दे रहे हैं। (2019)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/human-development-report-2023-24